श्याम मेरी पहचान | By Pankaj Sanwariya

खाटू के श्री श्याम प्रभु मेरी पहचान है
सांस मेरा एहसास मेरा और मेरा अभिमान हैं
मेरे पिता वो हैं मेरी माँ वो उनमे मेरी जान हैं
खाटू के ....

लाख कोई करले सितम मैं ना घबराता हूँ
दुखो में भी तो मैं श्याम गुण गाता हूँ
वो मेरे रक्षक हैं शुभ चिंतक मेरे भगवान हैं
खाटू के ....

कभी कभी आँखें मेरी नम हो जाएँ
सोचता हूँ मुझपे कृपा ये क्यूँ बरसाए
कभी ये हंसाये कभी ये रुलाये ये दया की खान हैं
खाटू के ....

ना कोई कमी रखी मेरे इस जीवन में
मस्तियाँ काटू मैं पंकज श्याम जी के चरनन में
कैसे बताऊँ कैसे गिनाऊँ कितने एहसान हैं
खाटू के ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-pankaj-sanwariya/